● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 15, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार , 12 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



पाक से बात बेहद मुश्किलः शशि थरूर 5

अजिंक्य रहाणे ने लगाया शतक, शिवम चूके 6

## मप्र को विकसित बनाने के लिए अनेक नीतियां स्वीकृत

### युवाओं के लिये रोजगार क्रांति साबित होंगी नीतियां,मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश को विकसित एवं समृद्ध राज्य बनाने के लिए औद्योगिक संवर्धन नीति 2025 की स्वीकृति दी गयी है। इसके अंतर्गत 10 सेक्टर विशिष्ट नीतियों यथा कृषि, डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति, टेक्सटाइल नीति, परिधान, फुटवियर, खिलौने और सहायक उपकरण नीति, एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन प्रोत्साहन नीति, फार्मास्यूटिकल्स नीति, बायोटेक्नोलॉजी नीति, मेडिकल डिवाईसेस नीति, ईव्ही विनिर्माण नीति, नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण नीति और हाई वेल्यू-एड विनिर्माता नीति को स्वीकृति दी गयी है।

औद्योगिक संवर्धन नीति 2025 का उदेश्य मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और राज्य की वर्तमान जीडीपी को 2.9 लाख करोड़ रूपये से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक लगभग 6 लाख करोड़ रूपये करने में उद्योगों का योगदान बढ़ाना है। निवेशकों को एक समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना का विकास करना, एनवायरनमेंटली सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल ग्रोथ और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना, राज्य में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना, विशेष रूप से रोजगार-गहन क्षेत्रों पर जोर देते हुए अगले पाँच वर्षों में लगभग 20 लाख नवीन रोजगार के अवसर सृजित करना,निवेशक सुविधा में सुधार करना और राज्य में व्यापार करने की प्रक्रिया को सरल बनाना और प्रदेश की योजनाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के साथ संरेखित



कर भविष्य के लिए प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करना है। इसके अंतर्गत वृहद और मेगा स्तर की औद्योगिक इकाई को निवेश प्रोत्साहन सहायता, सामान्य सहायता और अतिरिक्त सहायता के प्रावधान शामिल किये गये है।

कृषि, डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति में विद्युत टैरिफ प्रतिपूर्ति 1 रूपये प्रति यूनिट 5 वर्षों के लिए प्रदाय की जायेगी। गुणवत्ता प्रमाणन के लिए प्रोत्साहन, 50% अथवा 5 लाख जो भी कम हो 5 वर्षों के लिए प्रदाय किया जायेगा। इसके साथ ही 75 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकेज के लिए पात्र होंगी।

टैक्सटाइल नीति के अंतर्गत्संयंत्र और मशीनरी के लिए गए टर्मलोन पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान सुविधा 5 वर्षों के लिए अधिकतम, 50 करोड़ रूपये प्रदाय की जायेगी। अपेरल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर 25 प्रतिशत सहायता अधिकतम 50 लाख रूपये वित्तीय सहायता प्रदाय की जायेगी। साथ ही 500 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाईयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टमाईज्ड पैकेज के लिए पात्र होंगी।

परिधान, फुटवियर, खिलौने और सहायक उपकरण नीति में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति कर्मचारी 5 हजार रूपये प्रति माह 5 वर्षों तक, कुल 10 वर्षों की अवधि में प्रदान किये जायेंगे। प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए 13 हजार रूपये प्रति नए कर्मचारी के लिए 5 वर्षों तक प्रदान किया जायेगा। टर्मलोन पर 5% ब्याज अनुदान, अधिकतम 50 करोड़ रूपये दिया जायेगा। विकास शुल्क में 25% की रियायत देने के साथ स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क सहायता में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। विद्युत टैरिफ रियायत के रूप में 1 रूपये प्रति यूनिट, अधिकतम 5 वर्षों के लिए प्रदान की जायेगी। अपेरल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर 25 प्रतिशत सहायता अधिकतम 50 लाख रूपये प्रदाय की वित्तीय सहायता प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही 75 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी इकाइयां कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन प्रोत्साहन नीति में विकास शुल्क में 25ब की रियायत दी जायेगी। गुणवत्ता प्रमाणन के रूप मे 50% या 10 लाख रूपये की प्रतिपूर्ति, जो भी कम हो की जायेगी। साथ ही 500 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी इकाइयां कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

## एआई में है दुनिया को बदलने की ताकत : पीएम





**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा। एआई में दुनिया को बदलने की ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा, संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। उन्होंने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। एआई एक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा, मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है।

## साइबर अपराध रोकने के लिए सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** साइबर अपराध रोकने के लिए केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। दरअसल सरकार साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल होने वाले मुखौटा खातों की पहचान के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल करने पर विचार कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की सोमवार को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध विषय पर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अमित शाह ने की। इस दौरान शाह ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की सिफारिशों के आधार पर 805 ऐप और 3,266





वेबसाइट लिंक ब्लॉक किए गए हैं।

अमित शाह ने बताया कि 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थों के साथ छह लाख से अधिक संदिग्ध डेटा पॉइंट साझा किए गए हैं। साथ ही 19 लाख से अधिक मुखौटा खाते या म्यूल खाते पकड़े गए हैं और 2,038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन को रोका गया है। शाह ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सभी बैंकों के साथ समन्वय में मुखौटा खातों की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने की कोशिश हो रही है।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि मुखौटा खाते चालू होने से पहले ही बंद हो जाएं। मुखौटा खाता, वो बैंक खाता होता है, जिसका इस्तेमाल अपराधी साइबर अपराध से हासिल किए पैसों को स्थानांतरित करने में करते हैं। साथ ही सरकार लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक भी कर रही है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने भारत को साइबर-सुरक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## जीई एयरोस्पेस ने वायुसेना के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** जीई एयरोस्पेस ने टी700 इंजन के रखरखाव के लिए भारतीय वायुसेना के साथ पांच साल का प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक्स (पीबीएल) अनुबंध किया है। इसका उद्देश्य भारतीय वायुसेना के एएच-64ई-आई अपाचे हेलिकॉप्टरों के बेड़े को शक्ति प्रदान करने वाले टी700-जीई-701डी इंजनों के लिए एक व्यापक संधारणीय समाधान प्रदान करना है। कंपनी के मुताबिक इस अनुबंध के तहत, जीई एयरोस्पेस भारतीय वायुसेना के लिए इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टी700 इंजन और फ्लाइट लाइन पाट्र्स के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) के लिए जिम्मेदार होगा।

## लोकसभा की कार्यवाही का संस्कृत भाषा में होगा रूपांतरण

### द्रमुक की आपत्ति पर ओम बिरला ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही का भाषा रुपांतरण हिंदी, अंग्रेजी समेत 10 क्षेत्रीय भाषा में किया जाता है। लेकिन अब इसमें छह भाषाएं और जुड़ जाएंगी। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की, तो डीएमके सदस्यों ने इसे लेकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद स्पीकर ने दयानिधि मारन से पूछा कि उनकी समस्या क्या है। इस पर दयानिधि मारन ने कहा कि वे आधिकारिक राज्य भाषाओं के एक साथ अनुवाद का स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें संस्कृत भाषा के अनुवाद पर आपत्ति है क्योंकि यह संप्रेषणीय



नहीं है। उन्होंने 2011 के जनसंख्या सर्वेक्षण का हवाला देते हुए दावा किया कि 73 हजार लोग संस्कृत बोलते हैं। उन्होंने कहा, आरएसएस की विचारधारा के कारण करदाताओं का पैसा क्यों बर्बाद किया जाना चाहिए।

दयानिधि मारन के लोकसभा कार्यवाही के संस्कृत भाषा रूपांतरण उठाए गए सवाल पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें फटकार लगाई। इसके साथ ही उनकी आपत्ति को खारिज करते हुए स्पीकर ने कहा, आप किस देश में रह रहे हैं? उन्होंने कहा, यह भारत है और इसकी प्राथमिक भाषा संस्कृत रही है। मैंने 22 भाषाओं की बात की, अकेले संस्कृत की नहीं। आपको संस्कृत पर आपत्ति क्यों है? संसद में 22 मान्यता प्राप्त भाषाएं हैं। हिंदी के साथ-साथ संस्कृत भाषा में भी एक साथ अनुवाद होगा। प्रश्नकाल समाप्त होने के तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि, अब बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू भाषा में सदन की कार्यवाही का रूपांतरण होगा।

## कम लगेज, ज्यादा पैदल यात्रा, तभी संभव महाकुंभ में आस्था की डुबकी

**इंदौर।** प्रयागराज में भले ही कितनी भी भीड़ हो, लेकिन लोगों को उत्साह कम नहीं है। 'घर से तो निकलो, जो भी है देखा जाएगा' के इरादे से लोग निकल रहे है। परेशानियां भी झेल रहे है। जिसने हार नहीं मानी वो प्रयागराज तक पहुंच भी रहा है। आस्था की डुबकी तभी संभव है, जब आप तैयारियों से जाए। इतना तो तय है कि सड़क मार्ग के बजाए 14 फरवरी तक ट्रेनों से ही महाकुंभ तक जाना संभव है, लेकिन ट्रेन में सवार होने की जद्दोजद, कम लगेज और 15 से 20 किलोमीटर तक चलाने की ताकत हो तो यात्रा संभव है।

## महाकुंभ से वापस लौट रही ट्रैवलर को ट्रक ने रौंदा, 7 श्रद्धालुओं की मौत

**जबलपुर।** प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत होने का सिलसिला जारी है। मप्र में करीब हर दिन सड़क हादसों में लोगों की मौत हो रही है। मंगलवार को प्रदेश के जबलपुर जिले में भी एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत गंभीर है, उनका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, जबलपुर से करीब 50 किमी. दूर नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर सुबह करीब नौ बजे सीमेंट से भरे ट्रक ने महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैवलर पूरी तरह पिचक गई और ट्रक व पुल की रैलिंग के बीच में फंस गई। ट्रैवलर में सवार नौ लोग भी उसमें बुरी तरह फंस गए, जिनमें से सात की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर हालत में उसमें फंसे थे। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद बाहर निकालकर अस्पताल भेजा।

## एआई के जरिये किसानों की मदद कर रही सरकार : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को संसद में कृषि क्षेत्र के तकनीकी विकास को लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र के सामने आ रही चुनौतियों को दूर करने और किसानों की सहायता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही है। कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है।

लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसान ई-मित्र एआई-संचालित चैटबॉट है। इसके जरिये किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)



योजना के बारे में सवालों के जवाब मिलते हैं। इस पर कई भाषाओं में किसानों को समाधान प्रदान किया जाता है। पीएम किसान के तहत सरकार पात्र किसानों को तीन बराबर किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। कृषि मंत्री ने कहा कि एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली के तहत फसल में कीट संक्रमण का पता लगाने के लिए किया जाता है। जिससे समय पर फसलों को स्वस्थ रखने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। चावल और गेहूं की फसलों के लिए उपग्रह, मौसम और मिट्टी की नमी डाटा सेट, फील्ड की तस्वीरों का उपयोग करके एआई के जरिये फसल स्वास्थ्य मूल्यांकन और फसल की स्वास्थ्य निगरानी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना के बारे में किसानों की सहायता के लिए एआई आधारित चैटबॉट पीएम एफबीवाई व्हाटसप चैटबॉट शुरू किया गया है। मंत्री ने कहा कि तकनीक का लाभ उठाते हुए सरकार ने फसल नुकसान के आकलन में सुधार और किसानों के लिए समय पर बीमा दावों का भुगतान प्राप्त करने के लिए पारंपरिक फसल कटाई प्रयोगों आधारित उपज अनुमान के साथ प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान एस टीच को लागू किया है।

## एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, सेना के दो जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में एलओसी के पास मंगलवार को आईईडी ब्लास्ट होने से सेना के दो जवान बलिदान हो गए हैं जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। ब्लास्ट के बाद तीनों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां दो ने दम तोड़ दिया, जबकि एक का इलाज जारी है। मरने वालों में एक सेना के अधिकारी थे। ब्लास्ट के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियाण चलाया गया है। एक अधिकारियों ने बताया कि सभी जवान दोपहर करीब 3.50 बजे गश्त पर थे। इसी दौरान भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत एक जवान की मौत हो गई। अन्य घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है। बता दें कि एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने कायराना हरकत की थी। सोमवार को केरी सेक्टर में भारतीय सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी के बाद अब नौशेरा सेक्टर में स्नाइपर हमला किया।

## सीएम मान बोले- हार-जीत तो लगी रहती है

**नई दिल्ली।** पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को लेकर चल रही हलचल के बीच कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बड़ा बयान दिया। एएनआई से बातचीत के दौरान मनीष तिवारी ने कहा कि पंजाब में किसी भी राजनीतिक अस्थिरता के बहुत गंभीर राष्ट्रीय परिणाम हो सकते हैं। दिल्ली ने पंजाब को समझा ही नहीं। पंजाब की एक अलग संस्कृति है। एक अलग लोकाचार और एक अलग समन्वय है। एक अलग लय भी है। पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो गारंटी दी है। पंजाब में उन सभी को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा उन कार्यों को भी किया जाएगा जिसकी गारंटी आम आदमी पार्टी ने नहीं दी।

## ईवीएम का डाटा डिलीट न करें, सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को आदेश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का डाटा डिलीट न किया जाए। शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम का डाटा कैसे सुरक्षित रखा जाता है और प्रक्रिया क्या होती है। कोर्ट ने आदेश दिया कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी डाटा डिलीट न किया जाए और न ही इसमें कोई नया डाटा डाला जाए। चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर को बर्न करने की प्रक्रिया क्या है। सीजेआई ने कहा, इसमें किसी तरह का विवाद नहीं है। अगर चुनाव हारने वाले उम्मीदवार को शंका हो कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ हो सकती है, तो इंजीनियर से स्पष्ट किया जा सकता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है या नहीं। शीर्ष कोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), हरियाणा और कांग्रेस नेताओं के एक समूह की ओर से दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग ईवीमए के बर्न किए गए माइक्रो कंट्रोलर मेमोरी की जांच करवाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ईवीएण में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं हुई।

## भारत ने लंबे समय से शांति, सुरक्षा का किया समर्थन : राजनाथ

**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में एयरो इंडिया 2025 के तहत रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने कहा, भारत ने लंबे समय से शांति, सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण का समर्थन किया है, जो सहयोगात्मक है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, संघर्षों की बढ़ती संख्या ने हमारी दुनिया को और अधिक अप्रत्याशित बना दिया है। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर कहा-इसके अलावा, साइबरस्पेस और आउटर स्पेस के आयाम संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं।





एयरो इंडिया 2025 के तहत आयोजित रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि कमजोर स्थिति से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती। राजनाथ सिंह ने कहा, भारत का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, शांति को कमजोर स्थिति से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। रक्षा में अनुसंधान, विकास, नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत का उभरना हमारी क्षमताओं का प्रमाण है। भारत की रक्षा कूटनीति स्थायी द्विपक्षीय, बहुपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की शुरुआत में उन्होंने कहा- आपकी उपस्थिति हमारे हितों की समानताओं के साथ-साथ हमारे मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को भी दर्शाती है। दूरियां भले ही हों, लेकिन दोस्त के घर का रास्ता कभी लंबा नहीं होता। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, बंगलूरू शहर, जहां हम आज मिल रहे हैं, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र है, भारत की सिलिकॉन वैली है। उन्होंने कहा- मेरा दृढ़ विश्वास है कि उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवोन्मेषी दृष्टिकोण और मजबूत भागीदारी की आवश्यकता है। वैश्विक मंच पर भारत की भागीदारी सभी के लिए सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

वहीं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बंगलूरू में एयरो इंडिया 2025 के दौरान द्विपक्षीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की। ये बैठकें सोमवार को द्विवार्षिक एयरो इंडिया के उद्घाटन दिवस पर हुईं। इसमें इटली के रक्षा राज्य मंत्री मैटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ अपनी बैठक में दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के कई पहलुओं की समीक्षा की। संजय सेठ ने ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर से भी मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया। बंगलुरू में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब आप कर्नाटक में निवेश करते हैं, तो आप न केवल कर्नाटक के संसाधनों तक पहुंच प्राप्त करते हैं, बल्कि आपके पास कर्नाटक के साथ खड़े पूरे देश की ताकत होती है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कंधे के भरोसे घायल महिला पहुंची कलेक्ट्रेट

## कलेक्टर ने महिला को भेजा एसपी के पास, कोतवाल ने सुनी फरियाद

**सिंगरौली।** कलेक्टर के जनसुनवाई में अपने परिजनों के कंधे के भरोसे एक घायल महिला पहुंची। घायल महिला कलेक्टर से कहीं कि कोतवाली पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। महिला की फरियाद सुनते ही कलेक्टर ने तत्काल संयुक्त कलेक्टर माइकल तिर्की के साथ घायल महिला को पुलिस अधीक्षक के पास भेजा और आदेशित किया की तत्काल मामला कायम करते हुए गिरफ्तार करें। घायल महिला एसपी कार्यालय पहुंची तो कोतवाली के कोतवाल अशोक सिंह परिहार ने महिला की फरियाद सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

घायल महिला श्याम कली कुशवाहा निवासी मंगलम पैलेस कॉलोनी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर अपनी फरियाद सुनाते हुए कहा कि बीते 6 फरवरी को मामूली विवाद को लेकर राम,राहुल द्विवेदी और एक महिला ने लाठी डंडे हांकी से मारपीट की।



घायल अवस्था में महिला श्याम कली कुशवाहा, संतोष कुशवाहा व उसके बच्चे को परिजनों ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। पीड़ित ने कोतवाली टीआई को बताया कि इतने दिन बीत गए लेकिन आज तक कोतवाली पुलिस के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। ऐसे में घायल महिला ने कोतवाली पुलिस पर लेनदेन का भी आरोप लगाया है। जब लेनदेन की बात महिला करने लगी तो कोतवाल ने कहा कि कौन पैसा लिया है किसने दिया है। क्या तुम देखी हो। घायल महिला कहती रही कि मुझे एसपी से मिलना है लेकिन जनसुनवाई के दौरान ही शायद पुलिस अधीक्षक किसी मीटिंग में व्यस्त थे जिसके चलते जनसुनवाई में मुलाकात नहीं हो पाई।

### कलेक्टर ने श्यामकली को इलाज हेतु दी आर्थिक सहायता

कलेक्ट्रेट सभागार में जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा जन सुनवाई में आए हर एक आवेदक की समस्याओं को सुनने के पश्चात संबंधित आवेदको के समस्याओं का संबंधित विभागीय अधिकारियों से निराकरण कराया जा रहा था। उसी दौरान श्यामकली कुशवाहा पत्नी संतोष कुशवाहा निवासी मंगलम पैलेस, बैढन, ने कलेक्टर को इस आशय का आवेदन दिया कि मेरे उपर कुछ लोगो द्वारा योजना बनाकर हमला किया गया जिससे की मेरा पैर टूट गया है, साथ ही मेरे पुत्र का हाथ टूट गया है। जिसका इलाज़ करना है मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है मेरी मदद की जाये। जिस पर कलेक्टर ने इलाज़ के लिए आवेदक श्यामकली कुशवाहा को तत्काल जन सुनवाई में ही रेडक्रास सोसायटी से रूपयें दस हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 140 लोगो ने दिया अपना आवेदन



**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से 140 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला का अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# खड़ी पोकलेन मशीन के पार्टस कबाड़ दुकान से बरामद, आरोपी कबाड़ संचालक गिरफ्तार

## खड़ी मशीन को काटने वाले चोरों की तलाश में जुटी मोरवा पुलिस

**सिंगरौली।** बीते दिनों मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत परेवा नाला स्थित चमरखोह में बंद पड़े क्रेशर के पास खड़ी एक पोकलेन मशीन का बूम चोरों ने काट लिया था। पुलिस ने इस मामले की तहकीकात करते हुए चोरी गया माल एक कबाड़ दुकान से बरामद कर लिया, इसके बाद खबर व्यवसाय को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है वही बूम काटकर बेचने वाले चोरों की तलाश में मोरवा पुलिस जुटी है।

गौरतलब है कि बीते रविवार को फरियादी रामअवतार शर्मा निवासी भूसा मोड ने मोरवा थाना आकर सूचना दी कि उनका चमरखोह परेवा नाला के पास क्रेशर है जो एक पहाडी पर है और इस समय बंद है। जिसमें पुरानी पोकलेन मशीन खडी थी जिसका चोरो द्वारा बूम काटकर ले जाया गया है। जिसपर थाना प्रभारी मोरवा यूपी सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के दिशानिर्देशन एवं एसडीओपी केके पाण्डेय की सतत निगरानी में अज्ञात आरोपियो के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर



चोरो की तलाश की जाने लगी। मामले की तफ्तीश के दौरान थाना प्रभारी मोरवा यूपी सिंह को सूचना मिली की चटका तिराहा के पास एक व्यक्ति ने कबाड खोली है, जो प्लास्टिक के सामान के साथ दुकान साथ चोरी छुपे चोरी का सामान भी खरीद रहा है। जिसपर कबाड व्यवसाई श्याम सुन्दर राठौर निवासी वार्ड क्रमांक 10 चिरपुरा रोड मुरैना हाल चटका नाला को थाना लाकर सख्ती से पूछताछ की गई। जिसने अपराध करना कबूल किया जिसके पास से चोरी का टुकडो में बटा बूम (पोकलेन मशीन) बरामद किया गया। साथ ही चोरी का सामान ढोने में प्रयुक्त पिकप वाहन भी जप्त कर थाने लाया गया है।

शेष अन्य आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए मोरवा पुलिस प्रयास में लगी है। कबाड व्यवसाई श्याम सुन्दर राठौर निवासी मुरैना के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है।उपरोक्त कार्यवाही में उप निरी. एनपी तिवारी, सउनि डीएन सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह, संजय परिहार, पतरंग सिंह, आर. दशरथ मांझी, सुरेश परस्ते शामिल थे।

# युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 18 फरवरी को

**सिंगरौली।** रोजगार अधिकारी सीमा बर्मा ने बताया कि शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु, मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के द्वारा संयुक्त रूप से 18 फरवरी 2025 को प्रात: 11 बजे से आईटीआई पचौर में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आमंत्रित निजी क्षेत्र की संभावित नियोजक रिलायंस कोल माईन्स मुहेर, हिन्डालको एल्यूमिनियम प्लांट बरगवा , सिम्ब्रोज सोलार, नोबल ऐज बेंचर, यशस्वी ग्रुप, आर.सेटी, उत्कर्ष कौशल केन्द्र, एवं अन्य कम्पनियों के द्वारा योग्यता अनुसार रोजगार प्रदान करने के लिए कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगें। उक्त युवा संगम में 5 वी 12 वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई, पालीटेक्निक, बी.टेक, एमबीए, उत्तीर्ण एवं 18 से 35 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं।

# बरका महाविद्यालय के सैकड़ों छात्राओं का भविष्य अंधकार में

## महाविद्यालय के पठन-पाठन व्यवस्था अस्त-व्यस्त, छात्रों के अभिभावक भी चिंतित

**सिंगरौली।** स्थानीय तहसील मुख्यालय में स्थित शासकीय महाविद्यालय के पठन-पाठन की लचर व्यवस्था और अधिकांश पिरियड न लगने को लेकर छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी आगामी भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बताया गया कि हमारे महाविद्यालय में प्राध्यापक व प्रिंसिपल सहित कुल संख्या सात टीचर है। लेकिन केवल एक ही पीरियड लगती है। कभी-कभार वो भी नही लगती, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महाविद्यालय में




करीब पॉच सैकड़ा छात्र-छात्राओं में केवल 100 या 50 के संख्या में छात्रों की उपस्थिति रहती है। क्योंकि सही तरीके से क्लास नही चल पा रही, इसलिए छात्रों ने विद्यालय आना ही छोड़ दिया। वहीं प्राध्यापक आपने मनमाने ढंग से आते जाते है। जब मर्जी हुआ आए और जब मर्जी हुआ चले गए। कोई ध्यान देने वाला नही है। वही महाविद्यालय में पदस्थ रेखा सेन जिनका काम टीचिंग का है उनको विद्यालय के संबंध काम देकर रीवा एपीएस हर समय भेजा जाता है। बताया जा रहा है कि उनका घर रीवा में है वो काम के बहाने रीवा अपने घर चली जाती हैं तो हफ्तेभर नही लौटती। दो प्राध्यापक उपस्थित, तो दो अनुपस्थित इसी तरह चल रहा है। बरका महाविद्यालय का सिस्टम के साथ चल रहा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और आरोप लगाया जा रहा है कि एपीएस रीवा की जिम्मेदार अधिकारी व प्रशासन मौन है। साथ ही यहां के प्राध्यापको को खुली छुट मिली है।

# राजीव वार्ड मे साढ़े 17 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य का विधायक व अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली राजीव वार्ड 39 टाकीज रोड स्थित कब्रिस्तान बाउंड्री बाल के अंदर इंटरलाकिंग कार्य और दूसरे जगह



प्रेमनगर के पास विश्वनाथ नगर मे एक साथ इंटरलॉकिंग कार्य लगभग 17 लाख 47 हजार की लागत से सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, 39 वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव, 40 वार्ड पार्षद सीमा जायसवाल के द्वारा पूजा पाठ कर मिष्ठान चढ़ाकर नारियल तोड़कर भूमिपूजन किया गया ।उक्त अवसर पर शमा भारती, जम्मू बेग, पूनम गुप्ता, बब्बू भाई, उपयंत्री पीके सिंह, साबिर, मुबारक, युसूफ सिद्दीकी, फिरोज खान, सलीम खान, इरशाद पठान, लज्जू , रियाज भाई, रमेश श्रीवास्तव, सतीश सिंह एड. मो. उसैद , एडी खान, मजीद बेग, संविदाकार आनंदलाल शाह सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सदमे में जुआड़ी, दिन नहीं रात के अंधेरे में शुरू हुआ जुआ का खेल

## जुआरियों के मुखबिर तेज तर्रार,देते हैं हर मिनट की खबर, साहब का गया फोन, बच के खेलना हो रही किरकिरी

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के देवरा में चल रहे जुआ फड को लेकर नया अपडेट आ गया है। साहब का फोन गया और जुआड़ियों से कहा की बच के खेलना सबको जानकारी हो गई है। मीडिया पीछे पड़ गई है और अब किरकिरी हो रही है। साहब के हरकत में आते ही अब दिन में नहीं बल्कि रात में जुआ का फड़ होने लगा है।

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो पहले जुआ चोरी छिपे खेला जा रहा था लेकिन बीते एक पखवाड़े से देवरा और माजन में जुआ के फड़ सुबह से ही सज जाते हैं। ताश के पत्तों पर हजारों के दांव लगा लोग भाग्य आजमा रहे हैं। भड़ के मोह जाल भरे खेल में सैकड़ों परिवार तबाही का शिकार हो चुके हैं। इसमें युवा जुआ के लती होकर घर की पूंजी गंवा बर्बादी के रास्ते पर हैं। पहले पुलिस का नाम सुनते ही जुआरी फड़ छोड़ कर भाग खड़े होते थे। लेकिन बदले समय में अब पुलिस आते-जाते रहकर जुआरियों में वसूली तक सीमित रहने के कारण जुआरियों को कानून का कोई डर नहीं रहता। अब जब जुआ खुलेआम होने लगा तो इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से हुई तो पूरा पुलिस महकमा हरकत में आ गया। यह बात हम नहीं कर रहे हालात कुछ यही बयां कर रहे हैं। हालांकि फड़ बंद नहीं हुआ समय जरुर बदल गया है।

अब फड़ सुबह ना बिछकर देर साम सजने लगा है। फड़ की चौकसी इस कदर बढ़ा दी गई है कि यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। लेकिन जब इस खेल की शिकायत एसपी तक यह बात पहुंच गई है तो ऐसे में जुआरी संचालक सदमे में आ गए हैं। उन्हें डर सता रहा है कि कहीं वह पकड़े न जाए। कोतवाली क्षेत्र में नशाखोरी के बाद जुआ दूसरे नंबर पर आता है। यह खेल गांव में भी खूब खेला जाता है लेकिन माजन मोड़ और देवरा में रात होते ही लाखों का फड़ सजने लगा है। इस बड़े फड़ को बंद कराना पुलिस अधीक्षक के लिए बड़ी चुनौती रहेगी।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते, थाना प्रभारी बैढ़न निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्रीमती प्रियंका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजित की



गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला अधिकारी-कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# एसडीएम कार्यालय के सामने अनशन पर बैठे पीड़ित

## फर्जी सपथ पत्र के सहारे भूमि का मुआवजा राशि हड़पने का आरोप



**सिंगरौली।** ललित पुर सिंगरौली रेल परियोजना मे प्रभावित एक किसान की भूमि का मुआवजा राशि भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ गयी है,पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से असंतुष्ट होकर न्याय पाने के लिए शिकायतकर्ता रामनिवास सिंह का 10 फरवरी 2025 से उपखंड कार्यालय देवसर के सामने अनशन शुरू हो गया है।

पीड़ित के अनुसार ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन से जुड़े याचिका क्रमांक 9139/2023 में उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा 28 जनवरी 2025 को आदेश जारी किया गया था, जिसमें अवार्डधारी भूमि स्वामी के नाम से ही राशि आहरण किए जाने का निर्देश दिया गया था। तथा शिकायत के बावजूद पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि फर्जी शपथ पत्र प्रमाणित हो चुका है, वहीं उपखंड अधिकारी ने थाने को पत्र लिखा, लेकिन थाना प्रभारी ने अब तक जांच शुरू नहीं की। साथ ही शिकायतकर्ता को परेशान करने के लिए निजी कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य व्यक्तियों द्वारा दबाव डाला जा रहा है।अनशन पर बैठे पीड़ित के अनुसार फर्जी शपथ पत्र की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया जाए। तथा अवैध रूप से आहरित राशि को वापस किया जाए। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा रही लापरवाही पर उचित कार्रवाई हो। इन्ही मांगों को लेकर मंगलवार से पीड़ित अनशन पर बैठे हैं।

# विधायक महापौर और नपानि अध्यक्ष के बगल की नाली चोक, स्वच्छता अभियान बना मजाक

## स्वच्छता के नाम पर पैसों का हो रहा बंदर बांट, अन्ना रिटायरमेंट का कर रहे प्लान

**सिंगरौली।** देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है। हर साल जारी होने वाले स्वच्छ शहरों की सूची में सिंगरौली शहर भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 में विधायक कार्यालय, महापौर बगला, नगर पालिक निगम अध्यक्ष और कार्यपालन अधिकारी के आवास से चंद कदमों की दूरी पर स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है। चंद कदमों की दूरी में बनी नाली चोक हो गई है। नाली में कूड़े और पन्नी से पटी है, लोग बदबू से परेशान हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के आवास से लगे स्थानों के यह हालत है तो शहर में अन्य जगहों में स्वच्छता अभियान की क्या स्थिति होगी।



गौरतलब है कि शहर के कई वार्डों में जगह जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। वार्ड -42 में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के आवास से महज 50 मीटर की दूरी पर बने तपेश्वर चौराहे के किनारे कचरा फेंका जा रहा है। जानवर कचरा खाकर काल के गाल में समा रहे हैं। वहीं सड़क से लगी नालियां कूड़ा कचरा और पन्नियों से पटी होने के चलते चोक हो गई है। गंदगी का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है.गंदगी की समस्या इतनी बढ़ गई है कि नालियां बजबजा रही हैं। मोहल्लों में बदबू के कारण रहना मुश्किल हो गया है। शिकायतें करने के बावजूद अधिकारी सुनवाई नहीं करते। स्वच्छता के नाम पर हर महीने करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उदासीनता से वार्डवासी परेशान हैं। चर्चा है कि स्वच्छता का नोडल अधिकारी अन्ना जब से बने हैं तब से शहर में स्वच्छता के हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे है। स्वच्छता से ज्यादा वह अपने रिटायरमेंट की तैयारी में लगे हैं।

### स्वच्छता के नाम पर पैसों का बंदरवाट

विधायक कार्यालय, महापौर बंगला, नपानि अध्यक्ष और कार्यपालन अधिकारी बीपी उपाध्याय निवासरत है। जिम्मेदारों के आवास से चंद कदमों की दूरी पर बनी नालियों की हालात बद से बदतर है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर निगम के 45 वार्डो में स्वच्छता की क्या स्थिति होगी। हालांकि नगर निगम स्वच्छता के नाम पर प्रति माह करीब एक करोड़ 20 लाख रुपए खर्च कर रहा है।

### इनका कहना है

*जनप्रतिनिधियों को अपने नाक के नीचे फैली गंदगी को देखकर शर्म करना चाहिए। स्वच्छता सिर्फ फोटो में दिखाई देती हैं ज़मीनी हकीकत सभी देख रहे हैं, इनका मकसद तो पैसा कमाना है। नगर निगम में स्वच्छता के नाम पर पैसों का बंदर बांट हो रहा है, सभी वार्डों में गंदगी फैली है।*

**ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू - कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष परिवहन प्रकोष्ठ**

*प्रदेश में भाजपा की सरकार है इन्हीं के इशारे पर अधिकारी काम कर रहे हैं, सत्ता की हनक में अन्य जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज किया जा रहा है, स्वच्छता और विकास से अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। यह पैसे कमाने में लगे हैं।*

**रतीभान प्रसाद- जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी**

## संपादकीय

# आप का क्या होगा

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां भाजपा के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी आप की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक इंडिया पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57 प्रतिशत वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है।आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा। पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है। दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से आप और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल आप का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था- और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कितना आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटताहै।

# भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की हैं असाधारण उपलब्धियां

**राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है।**

(प्रहलाद सबनानी)

आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

दिनांक 31 जनवरी 2025 को देश की राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा एवं राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को अपने सम्बोधन में, हाल ही के समय में, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा है कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी (केंद्र) सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और, इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।

आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ किसानों को पिछले कुछ महीनों में 41,000 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ नागरिकों के लिए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष' अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। आज मध्यम वर्ग को मकान/फ्लैट खरीदने के लिए लोन पर सब्सिडी भी दी जा रही है एवं रेरा जैसा कानून बनाकर मध्यम वर्ग के स्वयं के मकान सम्बंधी सपने को सुरक्षा दी गई है।

देश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुषमान भारत योजना चलाई जा रही है। अब इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया गया है। इन वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक वर्ष में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।



केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है।सहकार से समृद्धि की भावना पर चलते हुए सरकार ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। जब देश के विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिलने लगता है तभी विकास सार्थक होता है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिलने से उसमें जो सशक्तिकरण का भाव पैदा होता है, वो गरीबी से लड़ने में उसकी मदद करता है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ गैस कनेक्शन, 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने नियो मिडिल क्लास का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जो भारत की ग्रोथ को नई ऊर्जा से भर रहा है।

उड़ान योजना ने लगभग डेढ़ करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया है। जन औषधि केंद्र में 80 प्रतिशत रियायती दरों पर मिल रही दवाओं से, देशवासियों के 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का बहुत लाभ मध्यम वर्ग को मिला है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश में अब 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनमें पिछले छह माह में ही 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन को जोड़ा गया है।

आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास में देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति के योगदान को बढ़ाना ही होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की दस करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। केंद्र सरकार ने देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने लक्ष्य निर्धारित किया है। आज एक करोड़ 15 लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी, बीते 6 महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। भारत में सभी के लिए बीमा की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से देश का पशुधन मजबूत हो रहा है। आज भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। आज बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में भी प्रारंभ हो गई है। नेशनल डिफेंस अकैडमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है।

पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। युवाओं के बेहतर कौशल और नए अवसरों के सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपए का पैकेज केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था से युवाओं को ग्राउंड पर काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। आज भारत में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जो इनोवेशन के स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए की लागत से स्पेस सेक्टर में वेंचर कैपिटल फंड की शुरुआत भी की गई है। आज भारत क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल इंडेक्स 2025 में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्थात, फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में,एआई और डिजिटल तकनीक अपनाने में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 76 से सुधर कर 39 हो गई है। यह सब भारतीय युवाओं के भरोसे ही सम्भव हो पा रहा है। देश में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिये जा रहे हैं। विभिन्न भर्ती परीक्षाएं तेरह भारतीय भाषाओं में आयोजित कर, भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया गया है।

# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

(ललित गर्ग )

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गवर्नेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरुआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछड़े इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।

इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

## वर्ग पहेली 5640



संकेत: बाएं से दाएं

1. अमेरिकी कांग्रेस ने 23 सितंबर 1986 को इस पुष्प को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना (3)
4. प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
7. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
8. कामदेव के नामों में से एक, मनोज (3)
9. शेष रहना, कामचोरी करना (3)
11. मुगल शासकों के शासन करने का समय (5)
14. भारत का एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र या अखबार, नया जमाना (5)
17. बल, फूंक (2)
18. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडुपुत्र भीम का एक नाम (4)
21. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने 180 से अधिक फिल्मों में काम किया (2)
23. यह मुगल शासक भारत का पांचवा मुगल शहंशाह था (4)
24. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)

ऊपर से नीचे

1. फूल जैसा कोमल बदन वाला या बदनवाली (5)
2. लोभ, लोलुपता (3)
3. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
4. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
5. उन्माद, मद्य, मन तरंग (2)
6. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)
10. वर्ष, परकोटा, वय गणना (2)
11. ऋषि, तीर्थंकर, अवाचाल (2)
12. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
13. मुंशी, लिखने वाला (3)
15. मुसल्ला (4)
16. पूंछ, लूम (2)
19. दीन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन (3)
20. रिश्ते में कुछ होना, सटना (3)
21. किसी वस्तु को पाने की प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (2)
22. किस जगह, किस स्थान पर, किधर (2)

### वर्ग पहेली 5639 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | इ | क | ल | फै | रा | डे | |
| या | क | | ता | न | | व | ला |
| | रा | पी | | | ई | रा | न |
| मो | र | | द | र | मा | | त |
| र | | शो | | म | न | न | |
| ध्व | नि | ले | ख | | डि | ग | ना |
| ज | ज | | रा | ज | ग | | म |
| | ता | ला | ब | | ना | सि | क |

# जो कहीं नहीं होता, वही हिंदी की खूबी

(सुधीश पचौरी)

किसी की आ चुकी है, किसी की आज आ रही है और किसी की कल आनी है। किसी-किसी का 'थोकार्पण' है। पुस्तक मेले में लेखक का 'टशन' निराला है। वाट्सएप मार्केट खुला है। कोई लिख रहा है कि आज मैंने तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया, तो कोई बताता है कि उसे कल पांच का करना है और कोई कहता है कि वह मेले की उस नंबर की दुकान पर इतने से इतने बजे तक मिलेगा, जिसको मिलना हो, वह मिल सकता है।

कोई लिख देता है कि वह सुबह से मेले के खत्म होने तक इस 'स्टॉल' पर रहेगा, तो कोई कहता है कि वह सुबह से रात तक यहां या वहां उपलब्ध रहेगा। आपका हीरो आपके पास और एकदम फ्री! आइए मिलिए, सेल्फी लीजिए, आशीर्वाद लीजिए, पाप मुक्त होइए, लेखक न हुआ उद्धारक हो गया। लेकिन अफसोस, एक काना कौआ तक मिलने नहीं आता।

कोई प्रकाशक खबर दे रहा है कि हमारी छह पुस्तकों का लोकार्पण अमुक दिन इस समय है। ये ये 'बकता' हैं, आप सादर आमंत्रित हैं। आएंगे, तो हार्दिक खुशी होगी। जिन दिनों कोई किसी से मिलकर खुश नहीं होता, उन दिनों कुछ ऐसे भी हैं, जो खुश होने के लिए आकुल हैं। मगर अपना अनुभव तो यही कहता है कि बेटा सबसे मिलना, लेखक से न मिलना। अगर मिला, तो अपनी दो-चार किलो किताबें तुम्हें थमा ही देगा। अब तुम ज्ञान के उस महाबोझ को अपने कर-कमलों में ढोते हुए मेले में कराहते फिरो!

आप बीती कह रहा हूं। जब-जब मेले में गया हूं, पांच-सात किलो के फ्री के ज्ञान के बोझ तले लदा-लदा फिरा हूं, फिर नजरें बचाकर ज्ञान की उस गठरी को किसी जगह छोड़ आया हूं, ताकि दूसरे ज्ञानी बनें। ऐसी 'दानलीला' हिंदी में ही होती है। यहां लेखक अपने को और अपने लेखन को एकदम 'फ्री' का माल समझता है। वह गिरिधर कविराय की उस कुंडली में यकीन करता है, जो कहती है = पानी बाढ़े नाव में घर में बाढ़े दाम!/ दोउ हाथ उलीचिए यही सयानो काम!! दाम की जगह ज्ञान रख दें, तो समझ आ जाएगा कि हिंदी साहित्य का ज्ञान एकदम फ्री है। यह बताता है कि कहीं आया हो या न आया हो, हिंदी में समाजवाद से लेकर साम्यवाद तक आ चुका है, जहां हरेक चीज फ्री है। रचना फ्री है, विचार फ्री है, ज्ञान फ्री है!

हिंदी का आम लेखक आज भी 19वीं सदी में रहता है। आधा जागा हुआ और आधा उनींदा। वह न पूरी तरह सोया है और न पूरी तरह जागा है। इस 'उत्तर पूंजीवाद' में भी वह 'पूर्व पूंजीवाद' में ही खर्राटें भरता है। तभी तो हिंदी के अधिकांश लेखक न अपना 'मूल्य' समझते हैं और न उसे जताते हैं। यह तब है, जब हिंदी का आम साहित्यकार अपनी रचना की समीक्षा कराने, उसका मूल्यांकन कराने के लिए मरा जाता है। यह कैसा अंतर्विरोध है कि एक लेखक जिस रचना का मूल्यांकन कराता है, उसी की असली कीमत, यानी उसके असली दाम नहीं समझता!

# आज का राशिफल

### मेष
आज बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें, इससे आपका करियर सही दिशा में जा सकता है। किसी कारण आज आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। इससे आप मानसिक रूप से सशक्त रहेंगे। नौकरी का कोई ऑफर मिल सकता है।

### वृष
आज दिन भर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रोफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। निवेश करने के मामले में आज आपको भरपूर लाभ मिलेगा।

### तुला
आज आपको दिन के पहले हिस्से मे फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेन-देन और बिजनेस में खतरा हो सकता है। हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है। रोमांस के मामले में भी आज अच्छा दिन है।

### वृश्चिक
आज दिन के पहले हिस्से में मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक बिजनेस में मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने-फिरने के मौके जब भी आते हैं, तो तैयार रहें क्योंकि इससे भविष्य में कोई प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है।

### मिथुन
आज का दिन उत्साह से भरा दिन रहेगा। आज आपको करियर से जुड़ी ऐसी खबर मिल सकती है , जिसका इंतजार आप काफी दिनों से कर रहे थे। स्टूडेंट अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं, तो फायदा मिलेगा।

### कर्क
आज दिन स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं। कार्यस्थल में मौजूद आपके विरोधी फिलहाल कुछ समय तक सिर नहीं उठा पाएंगे।

### धनु
आज आपका समय अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने-फिरने से कोई जरूरी कम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है। फाइनेंस से जुड़े कामों में अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद होगा।

### मकर
आज किसी से अनबन न हो, इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनेस में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी में भी कामयाब होगी। दिन भर काम की भरमार रहेगी लेकिन आपको सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा कि किस काम को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### सिंह
आज दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो, तो फौरन आगे बढ़ें इससे आपको लाभ होता जाएगा। रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर करने का समय है। खासतौर पर कार्यस्थल पर आप गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं।

### कन्या
आज आपका दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। कार्यस्थल पर दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा और इसकी खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे, तो आपकी मदद करने वाले भी आएंगे।

### कुंभ
आज काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है। दोस्त के लिए तोहफा खरीदते वक्त आपकी जेब का ख्याल रखें। इससे आप बेवजह की परेशानियों से बच सकते हैं।

### मीन
आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। धीरे-धीरे आगे बढ़ने से ही फायदा हो सकता है। कोशिश जारी रखेंगे, तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं। शायद यह संघर्ष का आखिरी दौरा होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय गुजारें क्योंकि आज आपके खर्च वैसे ही ज्यादा होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बस की सीट पर खाना गिरने से ड्राइवर और कंडक्टर हुए आग बबूला, व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के बवाना इलाके से छोटी सी बात पर व्यक्ति की हत्या करने का मामला सामने आया है. यहां बस में यात्री से कुछ खाना सीट पर गिरने से ड्राइवर और कंडक्टर नाराज हो गए. इस विवाद में यात्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद आरोपी मौका-ए-वारदात से फरार हो गए. घटना की शिकायत मृतक के भाई ने पुलिस को दी थी. घटना के सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और चार फरवरी को मामला दर्ज कार्रवाई करते हुए एक आरोपी यात्री को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया. वहीं आरोपी बस ड्राइवर और कंडक्टर अब भी पुलिस की गिरफ्तर से बाहर हैं. उधर पुलिस मामले में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है. व्यक्ति के परिवार में जहां एक तरफ शोक की लहर है, वहीं दूसरी तरफ वे सभी आरोपियों के अब तक गिरफ्तार न किए जाने से नाखुश भी हैं. बताया जा रहा है कि घटना दो फरवरी की है और मामले की शिकायत तीन फरवरी को दी गई थी. मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया, परिवार पुलिस की अब तक की कार्रवाई से खुश नहीं है. फरार आरोपियों की पहचान भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है. दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. बता दें कि हाल ही में दयालपुर इलाके में ई-रिक्शा चालक की चाकू गोदकर हत्या करने का मामला भी सामने आया था.

### पीएम मोदी के साथ मुलाकात पर क्या बोले भूपेंद्र हुड्डा? वायरल वीडियो का बताया सच

**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पीएम मोदी, भूपेंद्र सिंह हुड्डा का हालचाल पूछते नजर आते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद अब हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने मुझे नहीं, बल्कि किसी और को मिलने के लिए कहा था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी से एक शादी समारोह में मुलाकात हुई थी। उन्होंने मुझे नहीं बुलाया, बल्कि मेरे साथ एक व्यक्ति (अश्वनी कुमार) खड़े थे, जिन्होंने मिलने का समय मांगा था और उन्हें बुलाया है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे और मैं हरियाणा का मुख्यमंत्री था, उनसे मेरी हर रोज कॉन्फ्रेंस में मुलाकात होती थी। देश में लोकतंत्र है और उनसे हमारा राजनीतिक विरोध है, कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार पर कहा, दिल्ली सरकार के अहंकार का फायदा भाजपा को पहुंचा है। इसलिए उन्हें जीत मिली है। दरअसल, वायरल वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विवाह समारोह में शामिल लोगों से मिलते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान वह हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास आकर रुक जाते हैं। हुड्डा के बगल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खड़े नजर आते हैं। पीएम मोदी हुड्डा को देखकर उनसे हाथ मिलाते हैं और कहते हैं कि हेलो हुड्डा साहब। इतना ही नहीं, जब प्रधानमंत्री आगे बढ़ते हैं तो दीपेंद्र हुड्डा को देखकर कहते हैं कि जूनियर हुड्डा साहब भी यहां हैं।

### विधायकों में से ही होगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री, महिला सीएम फेस को लेकर भी चर्चा तेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला मुख्यमंत्री देखने को मिल सकती है। सूत्रों ने इस बात के संकेत दिए है। पार्टी ने 70 में से 48 सीटें हासिल कर आम आदमी पार्टी (आप) के एक दशक लंबे शासन को समाप्त कर दिया है। फिलहाल शीर्ष पद को लेकर चर्चा और अटकलों का दौर जारी है। सूत्रों ये भी बता रहे हैं कि अगला मुख्यमंत्री नवनिर्वाचित विधायकों में से ही चुना जाएगा। सूत्रों ने बताया कि एक महिला विधायक मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में उभर सकती है। सूत्रों ने कहा कि भगवा पार्टी कम प्रतिनिधित्व वाली पृष्ठभूमि से एक उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने पर भी विचार कर रही है, साथ ही कहा कि नए मंत्रिमंडल में महिलाओं और दलितों का मजबूत प्रतिनिधित्व होने की उम्मीद है। भाजपा के विजयी उम्मीदवारों में से चार महिला विधायकों ने महत्वपूर्ण अंतर से अपनी सीटें सुरक्षित कीं। रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में 68,200 वोटों से जीत हासिल की, उन्होंने आप की बंदना कुमारी को 29,595 वोटों के अंतर से हराया। ग्रेटर कैलाश में शिखा रॉय 49,594 वोट पाकर विजयी रहीं और उन्होंने आप के दिग्गज नेता सौरभ भारद्वाज को 3,188 वोटों के अंतर से हराया। पूनम शर्मा ने वजीरपुर सीट हासिल की, उन्हें 54,721 वोट मिले और उन्होंने आप के राजेश गुप्ता को 11,425 वोटों से हराया। नजफगढ़ सीट पर नीलम पहलवान ने 1,01,708 वोटों हासिल की। उन्होंने आप के तरूण कुमार को 29,009 वोटों से हराया। इस बीच, नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में परवेश वर्मा की जीत से भाजपा की जीत और अधिक मजबूत हो गई, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराया। केजरीवाल ने 2013 से इस सीट पर कब्जा कर रखा था, जिससे वर्मा की जीत दिल्ली में आप के प्रभुत्व का एक प्रतीकात्मक अंत बन गई।

# सीएम नायब सिंह सैनी और बड़ौली के खिलाफ बयान देकर फंसे अनिल विज, भाजपा ने भेजा कारण बताओ नोटिस





**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मंत्री अनिल विज बगावती तेवरों के चलते पार्टी हाईकमान के निशाने पर आ गए हैं। सीएम नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयान देने के बाद वे फंस गए हैं। भाजपा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विज को तीन दिन के भीतर जवाब पेश करना होगा। विज ने सैनी और बड़ौली के खिलाफ बयानबाजी की थी। विज ने सीएम सैनी पर तीखा हमला किया था कि सैनी जब से मुख्यमंत्री बने हैं, हैलीकॉप्टर पर ही रहते हैं। नीचे उतरेंगे तभी तो जनता का दुख-दर्द समझ पाएंगे। वहीं, गैंगरेप में नाम आने पर हरियाणा भाजपा अध्यक्ष बड़ौली से इस्तीफा मांगा था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयानबाजी करना हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज को भारी पड़ गया है। पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। नोटिस में बड़ौली ने कहा है कि आपने पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। यह बेहद गंभीर है। यह कदम न केवल पार्टी की विचारधारा के खिलाफ है बल्कि यह उस समय हुआ, जब पार्टी पड़ोसी राज्य दिल्ली में चुनावी अभियान चला रही थी। चुनावी समय में इस तरह की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा, यह जानते हुए आपने यह बयान दिए, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। नोटिस में इसे घोर अनुशासनहीनता माना गया है और अनिल विज को 3 दिन के अंदर लिखित जवाब देने की बात कही गई है।

**सीएम सैनी पर हमलावर थे विज :** कुछ दिन पहले अनिल विज ने अफसरशाही से तंग आकर नाराज हो गए थे। अनिल विज आरोप लगा रहे थे कि कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कुछ स्थानीय सरकारी अफसरों के साथ मिलकर उन्हें हराने की साजिश रची और मारने तक का प्रयास किया। सरकार को इस बारे में पत्र लिखने के बाद भी कोई एक्शन नहीं हुआ तो विज ने सीएम नायब सैनी पर सीधा हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि सैनी जब से मुख्यमंत्री बने हैं, हैलीकॉप्टर पर ही रहते हैं। नीचे उतरेंगे तभी तो जनता का दुख-दर्द समझ पाएंगे।

इसके बाद अनिल विज ने एक पोस्ट से मुख्यमंत्री के नजदीकी नेताओं की वो तस्वीरें भी गद्दार लिखकर शेयर कीं, जिसमें वो लोग खुद बीजेपी नेता होने के बावजूद विज के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली चित्रा सरवारा के साथ दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ भी उन्हीं लोगों की तस्वीर थी, जिसे शेयर करते हुए ?विज ने इस पर गद्दार तक लिख दिया था। इसके अलावा विज अपने द्वारा लगाए जाने वाले जनता दरबारों और ग्रीवेंसिस कमेटी की बैठकों के दौरान दिए जाने वाले आदेशों का पालन ना होने से भी नाराज चल रहे थे। इसके बाद हरियाणा सरकार ने अंबाला के डीसी और एसएसपी को हटा दिया था। वहीं, अंबाला के एक भाजपा नेता को भी पार्टी से निकाल दिया था।

**मंत्री पद से हटा सकते हैं, मेरी विधायकी कोई नहीं छीन सकता :** हरियाणा के परिवहन और ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने 2 फरवरी को रोहतक में फिर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर जोरदार हमला बोला। विज ने सीएम सैनी को डायरेक्ट चैलेंज देते हुए कहा कि मेरा सब कुछ छीना जा सकता है, लेकिन मेरी विधायकी कोई नहीं छीन सकता है। मुझे लोगों ने विधायक बनाया है, इसलिए मुझे कोई फर्क पड़ता नहीं है। छीनना चाहते हैं, छीन लें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैंने मंत्री होने के बाद भी कोई सुविधाएं नहीं ले रखी हैं। मैंने कोठी नहीं ली, सिर्फ कार है। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि कार छीनेंगे तो हम लेकर दे देंगे। नायब सिंह सैनी को अब हवा से नीचे आकर मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक करनी चाहिए। मंत्रियों और विधायकों की समस्या का समाधान करना चाहिए। मैं कोई भी बयान आत्मा से देता हूं, आत्मा को कोई काट नहीं सकता है। जल्दी ही सरकार की कमियों को भी बताया जाएगा।

**बड़ौली से मांगा था इस्तीफा :** कसौली में गैंगरेप के आरोपों पर हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर केस दर्ज होने के बाद अनिल विज ने उन पर भी हमला बोला था। विज ने कहा था कि बड़ौली को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। जब तक मोहन लाल बड़ौली जांच के दायरे में हैं, तब तक उन्हें हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष पद छोड़ देना चाहिए। हालांकि, विज ने कहा था कि उन्हें पूरा भरोसा है कि बड़ौली पूरी तरह से निर्दोष हैं और जल्द ही जांच में यह सामने आ जाएगा, लेकिन जब तक ऐसा नहीं हो जाता, तब तक के लिए उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## पाक से बात बेहद मुश्किल, मोदी सरकार के समर्थन में उतरे शशि थरूर; बोले- नहीं भूल सकते 26/11

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के सीनियर नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा है कि



पाकिस्तान के साथ अब बिना किसी बाधा के बातचीत संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि 26/11 के मुंबई हमले जैसे घावों को भुलाया नहीं जा सकता। अब यह जताना कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं है, बेहद मुश्किल है। वहीं जब सरकार ने पाकिस्तान से बात करने का मन बनाया भी था तो मुंबई में आतंकी हमला हो गया। ऐसे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही ही कहा था कि पाकिस्तान के साथ अब साधारण तरीके से बात नहीं हो सकती है।

शशि थरूर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के लोगों के साथ पीपल टु पीपल इंटरैक्शन बढ़ाना चाहिए। पाकिस्तानियों को ज्यादा से ज्यादा वीजा देना चाहिए। थरूर ने कहा कि जो भी लोग पाकिस्तान से भारत आते हैं, उन्हें हमारे देश से प्यार हो जाता है। फॉरेन करेस्पॉडेंट्स क्लब में एक पुस्तक के विमोचन के मौके पर शशि थरूर ने कहा कि बातचीत बंद कर देना भी नीति नहीं है। वहीं पाकिस्तान ने पठानकोट और मुंबई में जो छुरा घोंपा है उसे भी कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

संसदीय समिति की एक पुरानी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप पाकिस्तान में भारत की छवि अच्छी करना चाहते हैं तो ज्यादा लोगों को वीजा देना होगा। हम लोगों ने ही कहा था कि रणनीतिक स्तर पर पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता लेकिन पीपल टु पीपल रिलेशन को मजबूत करना जरूरी है। अगर भारत ऐसा करता है तो पाकिस्तान में भी भारत का समर्थन बढ़ेगा और शांति की मांग को लेकर वहां की आवाम आगे आएगी।

शशि थरूर ने कहा कि ऐसा कोई भी पाकिस्तानी नहीं है जो भारत आया हो और उसे हमारे देश से प्यार ना हुआ हो। पर्यटक, गायक, संगीतकार और खिलाड़ी भी कहते हैं कि वे भारत आना चाहत् हैं।

## दिल्ली चुनाव परिणाम को उत्तराखंड के पूर्व सीएम ने बताया चिंताजनक, कांग्रेस को किया आगाह

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोमवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे चिंताजनक थे और उन्होंने कांग्रेस से पहाड़ी राज्य में 2027 के विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सबक सीखने का आग्रह किया। फेसबुक पर एक पोस्ट में रावत ने तर्क दिया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन नतीजों की दिशा बदल सकता था, उन्होंने केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को लताड़ा और कहा कि अगर गठबंधन सहयोगियों, विशेष रूप से आप, ने कांग्रेस को बाहर निकालने का लक्ष्य नहीं रखा होता, तो दिल्ली में दोनों पार्टियों के बीच एक रणनीतिक गठबंधन बन सकता था। लेकिन केजरीवाल के अहंकार ने इसे संभव नहीं बनाया। हमारी साझेदारी टूट गई और आप का वोट बैंक टूट गया और इसका सीधा असर आप की संख्या पर पड़ा।

कमान संभालते हुए उन्होंने बीजेपी की चुनावी रणनीति को रेखांकित किया और कहा कि बीजेपी अपनी पूरी ताकत लगाकर, युद्ध की रणनीति के रूप में छल, बल और धन का इस्तेमाल करके जीत हासिल करने का काम करती है. बीजेपी के पास वर्तमान में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में दो शक्तिशाली प्रचारक हैं जो विपक्ष को कुचल सकते हैं।

# महायुति में सियासी संग्राम, एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस में ठनी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में सत्ता की साझेदारी करने वाली महायुति सरकार में अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पुनर्गठन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस कदम ने न सिर्फ राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है बल्कि यह भी संकेत दिया है कि बीजेपी और शिंदे गुट के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। इसके अलावा शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना इस बात से नाराज है कि निजी सहायकों (पीए) और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की नियुक्तियों सहित अन्य सिफारिशें मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में अटकी हुई हैं।

**क्यों बढ़ रही शिंदे-फडणवीस के बीच टकराव :** गौरतलब है कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन 2005 में मुंबई में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद किया गया था और यह राज्य में आपदा प्रबंधन की सबसे अहम संस्था है। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष होते हैं और इसमें राज्य के अन्य प्रमुख विभागों के मंत्री शामिल होते हैं। इस बार डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार को इसमें जगह दी गई है, लेकिन शिंदे को इससे दूर रखा गया है। यह फैसला इसलिए चौंकाने वाला है क्योंकि शिंदे के पास शहरी विकास विभाग है, जो प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में अहम भूमिका निभाता है। उनके विभाग की टीमें बचाव और राहत कार्यों की निगरानी करती हैं, लेकिन फिर भी उन्हें बाहर रखा गया। इस फैसले ने यह अटकलें तेज कर दी हैं कि फडणवीस और शिंदे के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।



इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, शिंदे गुट के मंत्रियों के लिए यह अकेला झटका नहीं है। हाल ही में कई शिवसेना नेताओं ने शिकायत की थी कि उनके कार्यालयों में पीए और ओएसडी की नियुक्ति में जानबूझकर देरी की जा रही है। कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों को मुख्यमंत्री कार्यालय ने रोक रखा है, जिससे मंत्री प्रशासनिक फैसले लेने में असहाय महसूस कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शिंदे गुट के बड़े चेहरों में शामिल उदय सामंत, शंभूराज देसाई, संजय राठौड़ और गुलाबराव पाटिल जैसे इस देरी से प्रभावित हैं।

सूत्रों के मुताबिक, 2014 से विभिन्न विभागों में काम कर रहे अधिकारियों की नियुक्ति को भी अटकाया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी नेतृत्व इन नियुक्तियों पर पूरी तरह से नियंत्रण रखना चाहता है, जिससे शिवसेना के मंत्रियों को संदेश दिया जाए कि असली ताकत कहां है। महायुति में बढ़ती दरार यह पहली बार नहीं है जब महायुति सरकार में खींचतान सामने आई हो। इससे पहले जब महाराष्ट्र सरकार ने जिला संरक्षक मंत्रियों की सूची जारी की थी, तब रायगढ़ और नासिक के मामले में भी मतभेद खुलकर दिखे थे। शिवसेना के मंत्रियों को इन जिलों की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन बीजेपी और अजित पवार की एनसीपी को यह जिले सौंप दिए गए। हालात तब और बिगड़ गए जब महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिती तटकरे ने फडणवीस के आदेश को नजरअंदाज करते हुए रायगढ़ जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया। यह घटना इस बात का साफ संकेत थी कि महायुति में नेतृत्व को लेकर खींचतान चरम पर है। शिंदे खेमे में इस अनदेखी को लेकर भारी नाराजगी है।

# केरल सरकार ने निजी विश्वविद्यालयों के लिए मसौदा विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व में कैबिनेट ने राज्य में निजी विश्वविद्यालयों को विनियमित करने के लिए एक मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी है. विधेयक को मौजूदा विधानसभा सत्र में पेश किया जाना है. विधेयक का उद्देश्य निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और संचालन के लिए एक ढांचा स्थापित करना है, यह सुनिश्चित करना है कि वे गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं और राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में योगदान करते हैं. मसौदा विधेयक में प्रायोजक एजेंसियों के लिए पात्रता मानदंड की रूपरेखा दी गई है, जिसके अनुसार उन्हें शिक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय ट्रैक रिकॉर्ड रखना होगा. आवेदकों को नियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित न्यूनतम भूमि आवश्यकताओं को पूरा करना होगा और राज्य के खजाने में 25 करोड़ रुपये की राशि जमा करनी होगी. बहु-परिसर विश्वविद्यालयों को कम से कम 10 एकड़ भूमि पर अपना मुख्यालय स्थापित करना होगा. मसौदा विधेयक के अनुसार कुलपति और संकाय



सहित प्रमुख प्रशासनिक पदों पर नियुक्तियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा. इसके अतिरिक्त, विधेयक में यह प्रावधान है कि प्रत्येक पाठ्यक्रम में केरल के स्थायी निवासियों के लिए 40व सीटें आरक्षित की जाएंगी. विधेयक के अनुसार, मौजूदा आरक्षण प्रणाली सभी संस्थानों में लागू होगी. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए शुल्क रियायतें और छात्रवृत्तियां जारी रहेंगी. किसी संस्थान को आवेदन करने के लिए भूमि और वित्तीय संसाधनों की जानकारी के साथ एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी. एक विशेषज्ञ समिति आवेदन की समीक्षा करेगी. समिति में अध्यक्ष के रूप में सरकार द्वारा नामित शिक्षाविद, एक कुलपति, उच्च शिक्षा सचिव, केरल राज्य शिक्षा परिषद से एक नामित व्यक्ति, योजना बोर्ड से एक नामित व्यक्ति और जिला कलेक्टर शामिल होंगे. समिति दो महीने के भीतर अपना निर्णय प्रस्तुत करेगी, और सरकार आवेदक को अपने निर्णय से अवगत कराएगी।

कैबिनेट ने मौजूदा विश्वविद्यालय कानूनों में संशोधन को भी मंजूरी दी है. ये बदलाव विश्वविद्यालयों को केरल और विदेशों के बाहर अध्ययन केंद्र स्थापित करने की अनुमति देने वाले प्रावधान को हटा देंगे. एक विशेष प्रावधान मौजूदा सिंडिकेट और सीनेट को उनके पुनर्गठन या उनके वर्तमान कार्यकाल के अंत तक जारी रखने की अनुमति देकर विश्वविद्यालय प्रशासन संरचनाओं में निरंतरता सुनिश्चित करेगा. अनुमोदित ज्ञापन को आगे की कार्रवाई के लिए विधि विभाग को भेजा जाएगा।

## 543 लोकसभा सांसदों में से 251 पर आपराधिक मामले, केरल से सबसे ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आंकड़े पेश किए गए। इससे पता चलता है कि 543 लोकसभा सांसदों में से 251 पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। उनमें से 170 पर ऐसे अपराध हैं, जिनमें 5 या अधिक साल की कैद की सजा हो सकती है। सीनियर वकील विजय हंसारिया ने जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ को 83 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी, जिसे विभिन्न उच्च न्यायालयों से डेटा लेकर तैयार किया गया है। इसके मुताबिक, केरल के 20 में से 19 सांसदों (95प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें से 11 गंभीर मामले हैं। तेलंगाना के 17 सांसदों में से 14 (82प्रतिशत) पर आपराधिक मामलों चल रहे हैं। ओडिशा के 21 में से 16 (76प्रतिशत), झारखंड के 14 में से 10 (71प्रतिशत) और तमिलनाडु के 39 में से 26 (67प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के लगभग 50प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, हरियाणा के 10 और छत्तीसगढ़ के 11 सांसदों में केवल एक-एक पर आपराधिक आरोप लगे हैं। पंजाब के 13 में से 2, असम के 14 में से 3, दिल्ली के 7 में से 3, राजस्थान के 25 में से 4, गुजरात के 25 में से 5



और मध्य प्रदेश के 29 में से 9 सांसदों पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति के अपराधीकरण को एक बड़ा मुद्दा बताया है। अदालत ने सवाल किया कि आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद कोई व्यक्ति संसद में कैसे लौट सकता है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने इसलिए इस मुद्दे पर भारत के अटॉर्नी जनरल से सहायता मांगी। पीठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के अलावा दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

# 35 लग्जरी कारों का काफिला, खतरनाक स्टंट, सूरत में 12वीं के छात्रों ने फेयरवेल से पहले सड़कों पर काटा बवाल

**सूरत, एजेंसी।** गुजरात के सूरत में एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं क्लास के 35 छात्रों के ग्रुप ने स्कूल में होने वाली फेयरवेल पार्टी में जाने के उत्साह में लग्जरी कारों का विशाल काफिला निकाला। इस दौरान इन किशोरों ने कथित तौर पर सड़कों पर खूब उत्पात मचाया और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भी किया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने अब तक 12 कारों को सीज कर लिया है। द टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड फिल्म एनिमल के गाने पर सेट किए गए काफिले का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने छात्रों और उनके अभिभावकों के खिलाफ ट्रैफिक नियमों के कई उल्लंघनों के लिए कार्रवाई करते 26 में से 12 कारों को सीज कर लिया। स्कूल में अपने अंतिम दिन को यादगार बनाने के लिए ब्लेजर और कोट-सूट पहने हुए छात्र शानदार वाहनों में सवार होकर निकले और ड्रोन और कैमरों का उपयोग करके अपने ड्राइव का वीडियो बनाया। वायरल वीडियो ने लोगों में आक्रोश पैदा किया, साथ ही खतरनाक स्टंट करने वाले एक प्रतिष्ठित स्कूल के छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की कमी पर सवाल भी उठाए। डीसीपी अमिता वनानी ने इस मामले में सख्त कार्रवाई का वादा करते हुए कहा, हमने फुटेज को देखा



है और कई उल्लंघनों की पहचान की है। कानून अपना काम करेगा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी के बयान के बाद पुलिस ने छात्रों और उनके अभिभावकों का जानकारी हासिल करने के लिए स्कूल का दौरा किया। स्कूल के संस्थापक वरदान काबरा ने कहा कि वे ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करते हैं। काबरा ने बताया कि हमने पुलिस के साथ पूरा सहयोग किया है और सभी जरूरी जानकारी प्रदान कर दी हैं। फेयरवेल से एक दिन पहले, हमने अभिभावकों और छात्रों को ईमेल करके सलाह दी थी कि वे निजी वाहनों से न आएं, भले ही उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो। इसके बजाय, हमने अभिभावकों या ड्राइवरों द्वारा बच्चों को छोड़ने की सिफारिश की और बसों की भी व्यवस्था की। किसी भी कार को स्कूल परिसर के अंदर जाने की इजाजत नहीं थी। डीसीपी (जोन-5) राकेश बरोट ने कहा कि पुलिस ने वायरल रील से 26 कारों की पहचान की है। इनमें से 12 कारें छात्रों के घरों से सीज की गईं, 9 कारें शहर से बाहर थीं और उन्हें भी जल्द ही सीज कर लिया जाएगा और पारिवारिक समारोहों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पांच कारों को रात में जब्त किए जाने की उम्मीद है। बरोट ने कहा कि सभी कारों को हिरासत में लेने के बाद, हम ड्राइवर, लाइसेंस और मालिकों के डिटेल की पुष्टि करेंगे और आगे की कार्रवाई करने से पहले उल्लंघन की सीमा की जांच करेंगे। अप्रैल-मई में बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए पुलिस छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रुख अपना रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हमें अपने कार्यों में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि छात्र अपनी बोर्ड परीक्षाओं से पहले अनावश्यक रूप से तनावग्रस्त या परेशान न हों।

# एक ही दिन मैदान पर उतरेंगी भारत-पाक समेत चैंपियंस ट्रॉफी की 5 टीमें

## इन 2 में से 1 पहुंचेगी फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत-पाकिस्तान सहित कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं. इनमें से पांच टीमें 12 फरवरी को एक ही दिन मैदान पर उतरने वाली हैं. ये सभी टीमें वनडे मैच खेलेंगी.

इनमें से दो टीमों के बीच ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंचने के लिए जंग होगी. वहीं दो टीमों के बीच मुकाबे में एक टीम अपनी साख बचाना चाहेगी जबकि दूसरी टीम उसका सूपड़ा साफ करना चाहेगी. तो चलिए देखते हैं ये पांच टीमें कौनसी है और 12 फरवरी को इनके मैच कहां और कितने बजे से खेले जाएंगे. भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच



12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. टीम इंडिया शुरुआती दोनों मैच जीतने के बाद इंग्लैंड का क्लीन स्वीप करना चाहेगी. जबकि इंग्लैंड टीम आखिरी मैच जीतकर अपनी साख बचाना चाहेगी. अहमदाबाद में तीसरा वनडे दोपहर डेढ़ बजे से खेला जाएगा.

### पहले वनडे में आमने-सामने होंगे ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका

श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद दो वनडे मैचों की सीरीज खेलने वाली हैं.

टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत ली है. अब पहले वनडे की शुरुआत 12 फरवरी को सुबह 10 बजे से कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगी. ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा है, जबकि श्रीलंका इस ICC टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी.

### ट्राई सीरीज के फाइनल के लिए होगी पाकिस्तान-साउथ अफ्रीका में जंग

12 फरवरी को ही पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें भी वनडे मैच खेलेंगी. अभी न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच चार मैचों की एक ट्राई सीरीज पाकिस्तान में खेली जा रही है. सीरीज का पहला मैच पाक-न्यूजीलैंड के बीच 8 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हुआ था जिसमें कीवी टीम को जीत मिली. इसी स्टेडियम में दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया और ट्राई सीरीज के फाइनल का टिकट कटा लिया. अब पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच बुधवार को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में ढाई बजे से मैच खेला जाएगा. जो टीम इसमें जीत हासिल करेगी वो न्यूजीलैंड से 14 फरवरी को फाइनल में भिड़ेगी. फाइनल नेशनल बैंक स्टेडियम में ही होने वाला है.

---

नेशनल गेम्सः

## किसान के बेटे का बड़ा कमाल, 19 साल की उम्र में तोड़ा नेशनल रिकॉर्ड



नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल गेम्स में कई युवा चेहरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। कई खिलाड़ियों के लिए यह गेम्स करियर के लिहाज से ऐतिहासिक साबित हुए हैं। 19 साल के देव मीणा भी इसी फेहरिस्त में शामिल हैं जिन्होंने देहरादून में जारी नेशनल गेम्स में पोल वॉल्ट का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा। किसान परिवार से आने वाले देव को देश के प्रतिशाली युवाओं में शुमार किया जाता है।

मध्य प्रदेश के देव कुमार मीणा ने सोमवार को पुरुष पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल जीता। उन्नीस साल के देव ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था। इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता जीतने के दौरान बनाया था।

देव को प्रतियोगिता से पहले ही यह महसूस हो रहा था कि 10 फरवरी की तारीख उनके करियर में बहुत अहम रहने वाली है। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि वह नेशनल गेम्स में इसी सोच के साथ आए थे कि उन्हें नेशनल रिकॉर्ड तोड़ना है और यही हुआ। एमपी स्पोर्ट्स अकेडमी के देव ने बताया कि वह शुरुआत में 400 मीटर इवेंट में हिस्सा लेते थे। उसी समय उनके मौजूदा कोच घनश्याम ने उन्हें देखा और पोल वॉल्ट के लिए मनाया। उन्होंने कहा, 'कोच साहब ने मुझे आश्वस्त किया कि मैं भविष्य में कुछ महान करूंगा और मुझे पोल वॉल्ट में जाना चाहिए क्योंकि मेरे हाथ बड़े हैं और मेरी पकड़ अच्छी है।' उन्होंने कहा, 'कोच साहब ने मुझसे कहा कि पोल वॉल्ट में बेहतर भविष्य होगा क्योंकि मेरे हाथ बड़े हैं और मेरी ग्रिप अच्छी है।' ट्रेनिंग शुरू होने के छह महीने तक कोच ने देव को किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने दिया। वह चाहते थे कि देव पहले जंप करना सीखा और परिणाम के बारे में चाहते हैं। यह फैसला उनके लिए सही साबित हुआ।

## गिलक्रिस्ट ने पोंटिंग से असहमति जताई, वॉर्न को अब तक का सबसे महान क्रिकेटर घोषित किया



नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट ने महानतम ऑलराउंडर की बहस में अपना पक्ष रखा है, उन्होंने रिकी पोंटिंग के इस दावे को चुनौती दी है कि जैक्स कैलिस अब तक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर हैं। जबकि पोंटिंग ने हाल ही में कैलिस की बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की, गिलक्रिस्ट का मानना है कि केवल आंकड़े ही महानता को परिभाषित नहीं करते हैं और इसके बजाय उन्होंने दिवंगत शेन वॉर्न को क्रिकेट के सर्वकालिक शीर्ष खिलाड़ियों में शीर्ष पर रखा। एक साक्षात्कार में गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं समझता हूं कि रिकी किस बात पर जोर दे रहे हैं - आंकड़ों के हिसाब से, रन, विकेट और कैच - लेकिन इसमें सिर्फ आंकड़ों से कहीं अधिक है।मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि शेन वॉर्न अब तक खेले गए सबसे महान खिलाड़ी हैं।

---

## इसी साल आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार खत्म कर सकता है दक्षिण अफ्रीकाः स्मिथ



जोहानिसबर्ग, एजेंसी। पिछले साल सभी प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका के शानदार प्रदर्शन से प्रभावित पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को यकीन है कि अपनी मेजबानी में 2027 पुरूष वनडे विश्व कप खेलने से पहले ही वे आईसीसी ट्रॉफी के लिए लंबा चला आ रहा इंतजार खत्म कर देंगे। एसए 20 लीग कमिश्नर स्मिथ ने कहा, 'उम्मीद है कि हम चैम्पियंस ट्रॉफी या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतकर इस इंतजार को खत्म कर देंगे। लेकिन अगर दक्षिण अफ्रीका अपनी सरजमीं पर विश्व कप जीतता है तो यह शानदार होगा। महज 22 वर्ष की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बनने के बाद बतौर कप्तान 54 टेस्ट जीत दिलाने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट इकोसिस्टम को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे ताकि 2027 वनडे विश्व कप तक हम प्रबल दावेदार रहें। दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान को हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया जहां 11 से 15 जून तक लार्ड्स पर उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका पुरूष और महिला टी20 विश्व कप और इस साल की शुरूआत में अंडर 19 महिला विश्व कप में उपविजेता रहा।

स्मिथ ने इन आलोचनाओं को भी खारिज किया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है।

'क्लब बनाम देश की बहस पर स्मिथ का मानना है कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है लेकिन सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। दक्षिण अफ्रीका के लिए 117 टेस्ट में 9265 रन बना चुके स्मिथ ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा।

दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम इसे ओलंपिक में भी देखेंगे। इसने काफी दर्शक बनाए हैं। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट में आखिर में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीन चार लीग बचेंगी और शायद एक टू टियर सिस्टम। भविष्य में सभी सदस्य देशों को साथ मिलकर एक दूसरे को मजबूत रखना होगा।

---

स्नूकर चैम्पियनशिपः

## पंकज आडवाणी ने जीती राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप, करियर का 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के अनुभवी और स्टार स्नूकर खिलाड़ी पंकड आडवाणी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीत ली है। पंकज के करियर का यह कुल 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया।

दमानी ने पहला फ्रेम जीत कर अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद आडवाणी के सामने उनकी एक नहीं चली। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। आडवाणी ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता और सटीकता बनाए रखी। एक फ्रेम से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और फिर कोई गलती नहीं की। आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया तथा यह फ्रेम, मैच और चैंपियनशिप अपने नाम कर दी।

**एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में खेलेंगे पंकज-दमानी**

दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था लेकिन फाइनल में वह इस अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। दमानी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में आडवाणी केवल एक फ्रेम जीतने में सफल रहे थे। एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा, यह एकमात्र प्रतियोगिता थी जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था। यहां स्वर्ण पदक जीत कर बहुत अच्छा लग रहा है। प्रतियोगिता में एक समय मैं बाहर होने के कगार पर था। तब मुझे पता चला कि इस महत्वपूर्ण क्षण का मतलब कुछ बड़ा होना चाहिए। बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में फिर से भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर खुश हूं।

## उर्विल पटेल ने रणजी ट्रॉफी में भी शतक जड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात के उर्विल पटेल के लिए यह रिकॉर्ड सीजन रहा है। हीरे के पर्याय माने जाने वाले पालनपुर शहर में क्रिकेट की शुरुआत करने वाले 26 वर्षीय उर्विल पटेल ने दिखाना शुरू कर दिया है कि वह शहर से निकलने वाले सबसे तराशे हुए रत्न क्यों हैं। इस सीजन की सैयद मुश्ताक



अली ट्रॉफी में उन्होंने 28 गेंदों पर किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक जड़ा, जो दुनिया में दूसरा सबसे तेज शतक है।

पिछले सीजन की विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने 41 गेंदों पर शतक जड़ा था, जो किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज शतक था। उर्विल ने रिकॉर्ड बुक में फिर से नाम दर्ज करने करते हुए रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के खिलाफ अपने पहले प्रथम श्रेणी शतक (197 गेंदों पर 140 रन) के साथ श्रेयस अय्यर के बाद एक ही घरेलू सीजन में तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए।

## बुमराह भारत के रोनाल्डो हैं, जब तक जरूरत न हो, उन्हें नहीं बदल सकतेः इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच एक शानदार समानता दर्शाते हुए तेज गेंदबाज की अपूरणीय प्रकृति पर जोर दिया है। हार्मिसन का मानना ??है कि अगर बुमराह चोट के कारण आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाते हैं, तो यह रोनाल्डो के बिना फीफा विश्व कप जैसा होगा।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह अपनी पीठ की सूजन से जूझ रहे हैं और उनके चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर होने की संभावना है। हालांकि हार्मिसन ने जोर देकर कहा कि भारत को नॉकआउट दौर के लिए उनकी वापसी की उम्मीद में उन्हें आखिरी क्षण तक टीम में रखना चाहिए। हार्मिसन ने अपने प्रमुख तेज गेंदबाज के साथ भारत के धैर्य के लिए एक आकर्षक तर्क दिया। उन्होंने कहा, वह जसप्रीत बुमराह है। मेरे हिसाब से आप कभी भी जसप्रीत बुमराह की जगह नहीं ले सकते। और मेरा मतलब है, मैं उसे इतना आगे ले जाने के लिए फाइनल की सुबह तक भी जा सकता हूं क्योंकि वह जसप्रीत बुमराह है। वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। भारतीय दृष्टिकोण से मेरा यही मानना है।

## चैम्पियनशिप ट्राफीः गौतम गंभीर के कारण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं टीम इंडिया के खिलाड़ी?

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। हालांकि टूर्नामेंट में टीम की प्लेइंग इलेवन का संयोजन क्या होगा यह अभी तय नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी के संयोजन तय करने के लिए ही इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी कई प्रयोग किए जा रहे हैं। हालांकि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान के मुताबिक इससे खिलाड़ियों के अंदर असुरक्षित होने का भाव आ रहा है।

**जहीर खान ने दिया बड़ा बयान**

जहीर खान ने अपने पूर्व साथी गौतम गंभीर के तरीके पर सवाल उठाया है। उनका कहना है



कि खिलाड़ियों के साथ बात करना अहम है। अगर ऐसा नहीं होगा तो टीम को नुकसान होना तय है।

**फ्लेक्सिबिलिटी से खिलाड़ी होते हैं असुरक्षित**

उन्होंने कहा, आपने कहा है कि आपके पास फ्लेक्सिबिलिटी होना चाहिए। नंबर एक और दो होंगे लेकिन अन्य फ्लेक्सिबिल होंगे। उस फ्लेक्सिबिलिटी के भीतर, कुछ नियम भी लागू होते हैं। कुछ प्रोटोकॉल हैं जिनका आपको पालन करना होगा। कुछ बातचीत की आवश्यकता है, जो चीजों को सुव्यवस्थित करेगा। नहीं तो आप असुरक्षा पैदा कर रहे हैं, जो किसी स्तर पर वापस आएगी और आपको नुकसान पहुंचाएगी। आप नहीं चाहते कि ऐसा हो। इसलिए आपको उस स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

**हर किसी का तरीका अलग**

अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा, 'इसलिए मैंने कहा कि इस समय रीसेंसी पूर्वाग्रह बहुत मजबूत है। अगर आपको राहुल द्रविड़ के दृष्टिकोण और गौतम गंभीर के दृष्टिकोण की तुलना करनी है तो स्थिति गतिशील हो गई है। आप कह सकते हैं कि यह अच्छा, बुरा या बदसूरत है, या आप यह कह सकते हैं कि हम कैसे अनुकूलन करते हैं।

## अजिंक्य रहाणे ने हरियाणा के खिलाफ जमाया शतक, शिवम दुबे अर्धशतक से चूके

नईदिल्ली, एजेंसी। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आखिरकार नर्वस नाइंटीज का जिंक्स तोड़ा और शतक जमाया। हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने शतकीय पारी खेली। रहाणे ने 160 गेंदों में 100 रन पूरे किए। रहाणे के अलावा शिवम दुबे ने भी अच्छी पारी खेली लेकिन वह अपने अर्धशतक के करीब आकर चूक गए। अजिंक्य रहाणे जब बल्लेबाजी करने उतरे तब टीम का स्कोर 48 रन पर दो विकेट था। उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ रहाणे ने चौथे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार वे 86 गेंदों पर 70 रन बनाए। इसके बाद रहाणे और ऑलराउंडर शिवम दुबे के साथ भी साझेदारी की।



रहाणे ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए। उनके शतक के बाद ही टीम की लीड 300 के पार पहुंची। यह रहाणे का इस सीजन में पहला शतक था। रहाणे इससे पहले मेघालय के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में 96 रन पर आउट हो गए थे। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बरोड़ा के खिलाफ उन्होंने 98 रन बनाए थे,आंद्र प्रदेश के खिलाफ भी वह 95 रन बनाकर आउट हुए। रहाणे 108 रन बनाकर आउट हुए। अनुज ठकराल की गेंद पर वह रोहित प्रमोद को कैच दे बैठे। तब तक उन्होंने 180 रन बनाए थे। वहीं शिवम दुबे ने 65 गेंदों में 48 रन बनाए।

# मनु भाकर की जोरदार वापसी

## पेरिस ओलंपिक्स के बाद पहली बार एक्शन में दिखी स्टार निशानेबाज



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की स्टार शूटर मनु भाकर पेरिस ओलंपिक्स 2024 में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद ब्रेक पर चली गई थीं. कुछ महीनों का ब्रेक लेने के बाद उन्होंने साल 2024 के अंतिम महीनों में दोबारा अभ्यास शुरू किया था. अब आखिरकार 6 महीनों बाद उन्होंने वापसी की है. मनु आगामी इंटरनेशनल इवेंट्स से पहले नेशनल सिलेक्शन ट्रायल में नजर आईं. उन्होंने सोमवार को 25 मीटर पिस्टल इवेंट में भाग लिया और क्वालीफिकेशन राउंड में 587 का स्कोर करते हुए टॉप किया. मनु भाकर चाहे क्वालीफिकेशन राउंड में बहुत शानदार लय में दिखीं. 587 पॉइंट्स बटोरने के बावजूद उन्हें फाइनल राउंड के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा की टी1 कैटेगरी में पंजाब की सिमरनप्रीत कौर ब्रार ने 36 के फाइनल स्कोर के साथ जीत दर्ज की. तेलंगाना की ईशा सिंह ने दूसरा और ओलंपिक 2024 की डबल मेडलिस्ट 31 के स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहीं. यह ट्रायल आगामी वर्ल्ड कप के नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण है.

महज 22 साल की उम्र में मनु भाकर ने भारत की सबसे सफल निशानेबाजों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है. वो पिछले साल ओलंपिक की शूटिंग स्पर्धा में मेडल जीतने वाली इतिहास की पहली महिला शूटर बनी थीं. उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल एकल कम्पटीशन में ब्रॉन्ज मेडल जीता. इसके अलावा उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था. वो आजाद भारत की ऐसी पहली एथलीट बनीं, जिन्होंने एक ही ओलंपिक्स में 2 अलग-अलग मेडल जीते हों. उन्हें हाल ही में अपनी उपलब्धियों के लिए मेजर ध्यान चंद खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया .

# तीर्थयात्रियों की सेवा करने वालों को गंगा में सौ डुबकी लगाने के समान पुण्य मिलेगा : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा से चाकघाट तक देखी तीर्थयात्रियों के लिए की गयी व्यवस्थाएं

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रीवा से चाकघाट तक भ्रमण किया। उप मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान रीवा प्रयागराज मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए भोजन, ठहरने, पानी, चाय तथा सुरक्षा के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने हरिहरपुर मोड, जोगिनहाई टोल प्लाजा, बेलवापैकान, जनकहाई, मनगवां, श्रीयुत कालेज गंगेव, सोहागी टोल प्लाजा तथा चाकघाट रैन बसेरा में प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों से भेंटकर उन्हें निःशुल्क भोजन और पानी का वितरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार रीवा संभाग के सभी जिलों में प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए



समुचित व्यवस्थाएं की गयी हैं। जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठन तथा बड़ी संख्या आमजन सेवाभाव से तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन, पानी, चाय की सुविधा दें रहे हैं। देश भर से तीर्थयात्री प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी स्नान करके महाकुंभ का पुण्य लाभ ले रहे हैं। तीर्थयात्रियों की सेवा करने वालों को गंगा में सौ डुबकी लगाने के समान पुण्य मिलेगा। तीर्थयात्रियों की सेवा में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। महाशिवरात्रि पर्व तक रीवा प्रयागराज मार्ग पर व्यवस्थाएं चाकचौबंद रहेगी। प्रयागराज में अधिक भीड़ होने पर ही वाहनों को रोका जायेगा। अभी वाहन निर्बाध रूप से रीवा प्रयागराज मार्ग से कुंभ के लिए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों से किया संवाद- श्रीयुत कालेज गंगेव तथा चाकघाट रैन बसेरा में कर्नाटक, हैदराबाद और महाराष्ट्र से आये तीर्थयात्रियों से संवाद किया। कर्नाटक के बीजापुर जिले से आये कृष्णाप्पा तथा राजू ने तीर्थयात्रियों को जगह-जगह सुविधा की प्रशंसा की। तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तथा मध्यप्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कई तीर्थयात्रियों ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के साथ सेल्फी ली। रीवा प्रयागराज मार्ग पर जनअभियान परिषद के स्वंयसेवकों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा भी जगह-जगह भोजन, पानी, बिस्किट, चाय और फलों का वितरण किया जा रहा है। मनगवां में सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर नगर पंचायतों द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए खिचड़ी और पानी का वितरण किया जा रहा है। सोहागी में एसएन पब्लिक स्कूल कांकर द्वारा तीर्थयात्रियों को भोजन और पानी का वितरण किया जा रहा है। चाकघाट रैन बसेरा में उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से तीर्थयात्रियों के लिए किये गये प्रबंधों की जानकारी ली। पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी तथा नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि रैन बसेरा में रात दिन तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, शौचालय तथा उपचार की सुविधा दी जा रही है। हजारों यात्री इसका लाभ उठा रहे हैं। मौके पर उपस्थित रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रैन बसेरा एक महीने से लगातार संचालित है। इसमें तीन पालियों में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। एसडीएम त्योंथर संजय जैन, सीएमओ चाकघाट तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर मिलकर समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर रहे हैं।

### पेट्रोल व डीजल पंपों में साफ शौचालय, पीने के पानी तथा हवा की व्यवस्था करने के निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में संचालित समस्त डीजल एवं पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं/यात्रियों की सुविधा के लिये पंपों में साफ शौचालय, पीने का पानी एवं गाड़ियों में निःशुल्क हवा की व्यवस्था अनिवार्यतः उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी पंप में इस तरह की शिकायत प्राप्त होने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।

### कमिश्नर की अध्यक्षता में टीएल बैठक 14 फरवरी को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में 14 फरवरी प्रातः 10 बजे से टीएल बैठक का आयोजन किया गया है। टीएल बैठक के उपरांत संभागीय स्तरीय अधिकारियों के लिए राज्य आनंद संस्थान भोपाल के सौजन्य से अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।

## जनअभियान परिषद से जुड़ी समितियाँ तीर्थयात्रियों को दे रही भोजन और पानी



**रीवा।** रीवा प्रयागराज मार्ग पर महाकुंभ मेले के कारण बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन हो रहा है। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को रीवा जिला प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठन और जनअभियान परिसर से जुड़ी समितियाँ निःशुल्क भोजन और पानी प्रदान कर रही है। इस संबंध में जनअभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि कमिश्नर रीवा बीएस जामोद तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार 11 स्थानों पर जनअभियान परिषद के स्वंयसेवक तैनात किये गये हैं। जनअभियान परिषद से जुड़ी समितियों के सदस्य तथा विकासखण्ड समन्वयक मिलकर तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, पानी और चाय का वितरण कर रहे हैं। तीर्थयात्रियों के लिए बेला बाईपास में बनाये गये जनसेवा केन्द्र में निःशुल्क भोजन का वितरण किया जा रहा है। सोहागी बाईपास में बहुउद्देशीय समिति सोहागी तथा जोगिनहाई टोल प्लाजा में विकासखण्ड जनअभियान समिति रायपुर कर्चुलियान द्वारा कुंभ यात्रियों को निःशुल्क नास्ता, भोजन, पानी एवं चाय का वितरण किया जा रहा है। जनअभियान परिषद टीम की सदस्य चाकघाट सीमा पर भी तैनात हैं। इनके द्वारा सुबह से देर रात तक तीर्थयात्रियों को भोजन, पानी तथा चाय की सुविधा दी जा रही है। ग्राम पंचायतों द्वारा भी इस कार्य में पूरा सहयोग किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जी.पी./ए.जी.पी.) संघ गठित

## श्रीमती शशि तिवारी जी.पी. रीवा प्रदेश संरक्षक बनी



**रीवा।** प्रदेश भर के शासकीय अधिवक्ता (जी.पी./ए.जी.पी.) की समस्याओं के समाधान के लिये संगठन संरचना का प्रस्ताव प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक में पारित हुआ। उसी अनुक्रम में प्रदेश स्तरीय मध्यप्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जी.पी./ए.जी.पी.) संघ का गठन किया गया है। जिसमें 01 अध्यक्ष सहित 05 उपाध्यक्ष 01 महासचिव 01 सदस्यता सचिव 06 विधि सलाहकार 06 विशेष आमंत्रित सदस्य तथा 03 संरक्षक मण्डल सदस्य के नामों की घोषणा की गई है।

जिसमें श्रीमती शशि तिवारी जी.पी. रीवा को प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुखेन्द्र द्विवेदी जीपी सीधी को बनाया गया है। तथा प्रदेश महासचिव रमेश मिश्रा जीपी सतना बनाये गये है।

प्रदेश संरक्षक श्रीमती शशि तिवारी जीपी रीवा को बनाये जाने पर पूर्व जीपी संतोष अवधिया पूर्व जीपी पवन दुबे, पूर्व जीपी कुंवर बहादुर सिंह, पूर्व जीपी शारदा प्रसाद मिश्रा, पूर्व जीपी यदुवंशमणि पाण्डेय एजीपी हरिशंकर पटेल, नीलग्रीव पाण्डेय, सरिता सिंह सेंगर, राकेश पटेल, उमेश मिश्रा राकेश निगम, कमल नारायण सिंह, राजकुमार मिश्रा, अशोक तिवारी, सुनील शर्मा आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### मऊगंज जिले में होथल्डग स्टेशनों में सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखें : कलेक्टर

**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेले में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मऊगंज जिला अन्तर्गत हनुमना की सीमा से प्रयागराज जा रहे हैं, जिससे जगह-जगह पर सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करने हेतु जिला मऊगंज अन्तर्गत मऊगंज में सगुन पैलेश, खटखरी बिझौली में अपना ढ़ाबा तथा हनुमना में डीपी होटल के सामने भीड़ को रोकने हेतु होथल्डग स्टेशन बनाये गये है। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने तीनों होथल्डग स्टेशन में आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था हेतु आवश्यक पुलिस बल लगाने, अनुविभागीय अधिकारी/मुख्य कार्यपालन/ नगर परिषद अधिकारी को आवश्यक छांव, चाय, पानी, भोजन तथा बच्चों के लिए दूध तथा स्वच्छता व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार कर्मचारी लगाने तथा बीएमओ को आवश्यक उपचार हेतु आवश्यक चिकित्सा दल लगाने के निर्देश दिये हैं।

# जनसुनवाई में 50 आवेदनों में की गई सुनवाई

**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 50 आवेदनों की जनसुनवाई की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने राजस्व, ग्रामीण विकास, शिक्षा, पेंशन, विद्युत मंडल आदि विभागों से संबंधित आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान नायब तहसीलदार विन्ध्या ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनी।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कौआढ़ान के सालिकराम ने भू-राजस्व रिकार्ड के अद्यतन करने, अखिलेश श्रीवास्तव बहुरीबांध ने खसरा सुधार करने तथा रामदार कोरी दादर ने भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के आवेदन



दिये जिन्हें संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार ओम प्रकाश सोनी निवासी सिरमौर के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, बड़ागांव निवासी सुरेश केवट के नक्शा सुधार करने, कोठी निवासी नीरज पाण्डेय के स्थान के बाद भी रास्ता को बंद किये जाने, तथा हुजूर निवासी मुकद्दर बेग के प्लाट से कब्जा हटवाने के आवेदनों पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नवल किशोर पाण्डेय ने कुदुलिया मुकुंदपुर मार्ग में भूमि का मुआवजा दिलाने तथा जितेन्द्र पाण्डेय तेलनी ने नहर निर्माण में भूमि का मुआवजा देने का आवेदन दिया जिन्हें भूअर्जन अधिकारी को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यतीन्द्र सिंह निवासी गोविंदगढ़ ने नक्शातरमीम हर सीमांकन करने का आवेदन किया जो एसएलआर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विद्युत विभाग के अधिकारी बिजली बिज अधिक प्राप्त होने के आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इस सप्ताह के अंत तक सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति लायें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस सप्ताह के अंत तक सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति लायें। जिला टॉप 5 की श्रेणी में रहे तथा कोई भी विभाग डी या सी ग्रेड में न रहे।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को शीघ्र निराकृत करने तथा मांग आधारित



शिकायतों को मांग अनुसार निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री की अधिक शिकायतें लंबित रहने तथा नहर का पानी अंतिम छोर तक न पहुंचाने के आरोप में दो वेतन वृद्धियाँ रोकने का प्रस्ताव आयुक्त रीवा संभाग को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की लंबित रहने पर संबंधित निम्न श्रेणी लिपिक की एक वेतन वृद्धि रोकने का कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश बैठक में दिये। बैठक में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के जबावदावा प्रस्तुत करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिकारियों/कर्मचारियों के समग्र को कोषालय के ईएफएमआईएस से संबद्ध किया जाना सुनिश्चित करायें ताकि वेतन आहरण में परेशानी न हो। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षाओं में नियुक्त होने वाले केन्द्राध्यक्षों व सहायक केन्द्राध्यक्षों का हुआ रेण्डमाइजेशन

**रीवा।** रीवा एवं मऊगंज जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिये बनाये गये परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त किये जाने वाले केन्द्राध्यक्षों व सहायक केन्द्राध्यक्षों का रेण्डमाइजेशन किया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में बाणसागर सभागार में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की उपस्थिति में रीवा जिले के 71 तथा मऊगंज जिले के



23 निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के लिये केन्द्राध्यक्षों व सहायक केन्द्राध्यक्षों की रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया पूर्ण की गई। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से तथा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से आरंभ हो रही है। रेण्डमाइजेशन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल, जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर आशीष दुबे उपस्थित रहे।

## पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में हुआ व्यंजन महोत्सव का आयोजन

**रीवा।** शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के द्वारा छात्र-छात्राओं के बौद्धिक और कौशल विकास हेतु हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रबंधन के द्वारा व्यंजन महोत्सव का आयोजन महाविद्यालय के करहिया परिसर में किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा सिंगिंग,डांस तथा फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में भी भाग लिया गया। व्यंजन महोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कई देशी और विदेशी व्यंजनों के पंडाल लगाए गए जिसका छात्रों ने खूब लुफ्त उठाया।उधर व्यंजन के पंडालों में ढोकला, चाट, दाल बाटी, वेज बिरयानी, चूरमा, छोले भटूरे, राइस प्लेट, गाजर का हलवा, ब्रेड पकौड़ा, गुलाब जामुन,इडली, सांभर, मोमोज,चाऊमीन आदि व्यंजन शामिल रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बीएन त्रिपाठी, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय से वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ अभिलाषा श्रीवास्तव,भौतिकी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल तिवारी,महाऋषि विद्या मंदिर के संचालक रिषी त्रिपाठी,महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एस के त्रिपाठी प्राचार्या डॉ. सीमा शुक्ला,पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ. मोना तिवारी,पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज (कॉलेज ऑफ़ ला) के प्राचार्य डॉ.पीएन शर्मा सीएम राइज स्कूल कपासा के प्राचार्य डॉ आरपी भूरतिया,शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेला के प्राचार्य डॉ बीपी सिंह,जे.जे. कान्वेंट स्कूल के संचालक अजय शुक्ला,कमला नेहरू स्कूल के संचालक रमेश पांडे, सरस्वती ज्ञान मंदिर के संचालक रामकुशल यादव,सनशाइन स्कूल के संचालक शुभ्रशु पयासी, पीयूष सिंह गहरवार डॉ ट्विंकल त्रिपाठी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हनुमना में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना विकासखण्ड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ एसडीएम कमलेशपुरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ने फाइलेरिया की दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाई गयी। यह अभियान 10 फरवरी से 14 फरवरी तक बूथ लेबिल पर चलाया जायेगा। इसके उपरांत 15 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी। सेठ रघुनाथदास कालेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती स्मृता नामदेव जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नागेन्द्रमणि मिश्रा खण्ड चिकित्सा अधिकारी श्रीमती सविताश्याम परस्ते ब्लाक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास दिवाकर प्रसाद मिश्रा प्र. सहायक मलेरिया अधिकारी, श्रीमती शिखा द्विवेदी एवं ब्लाक हनुमना के बी.पी.एम. बीसीएम, एएनएम, सुपरवाइजर अन्य पदाधिकारियों उपस्थित रहे।

# युवा संगम कार्यक्रम 17 फरवरी को

रीवा

स्थानीय शासकीय आईटीआई में 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 9 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु

### युवा संगम अन्तर्गत रोजगार मेले में 9 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 9 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, ख्याति शील्ड ग्लोबल रिच रायपुर छत्तीसगढ़, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा. लि. सवेरा होटल के पास सतना, यशस्वी ग्रुप भोपाल, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पूणे तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

### इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की दी गई समझाइश

**रीवा।** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रति फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। बच्चों, महिलाओं और युवाओं के इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एवं साइबर जागरूकता बढ़ाने हेतु सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए थीम पर शासकीय आई.टी.आई. रीवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एनआईसी के



डीआईओ मनीष कुमार पटेल द्वारा छात्र/छात्रा को साइबर सिक्यूरिटी से सम्बंधित जानकारी दी गई। उन्होंने इंटरनेट के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य आईटीआई एस.एन मिश्रा, रोलआउट मेनेजर ओंकारनाथ पटेल एवं प्रशिक्षण अधिकारी प्रदीप पाठक सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## परीक्षा पूर्व नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 28 फरवरी तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन 28 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है।

प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है। जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन नंबर 07662-299221 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

भरोसा और
निवेशकों को पहला स्थान
मूल्यों की नींव पर
मध्यप्रदेश की उड़ान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
24-25 फरवरी 2025, भोपाल

होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे



असीमित संभावनाएं एवं निवेश का
समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है

आकर्षक नीतियां
पारदर्शी नीतियों के साथ कस्टमाइज्ड पैकेज

ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य

आधुनिक आधारभूत संरचना
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़

पावर सरप्लस
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा

स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक
1 लाख + एकड़

विस्तृत रोड नेटवर्क
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग

पर्याप्त जल आपूर्ति
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
www.investmp.in

D-11179/24

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP | #InvestInMP | #MPGIS2025


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833